
# अवैध ईट भट्टों पर कार्रवाई, कोयला, ट्रैक्टर व ईंटें जब्त

## एसडीएम एवं तहसीलदार ने किया जमकुंडा, नजरपुर व पालाचौरई का दौरा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गत 14 से 15 मई को जुन्नारदेव क्षेत्र की एस.डी.एम. कामिनी ठाकुर एवं तहसीलदार राजेंद्र टेकाम ने संयुक्त रूप से उप क्षेत्र अंम्बाड़ा का भ्रमण किया इस दौरान ग्राम पंचायत जमकुंडा से ले नजरपुर एवं पाला चौरई क्षेत्र में चल रहे दर्जनों ईट भट्टो एवं वहां रखा कोयला दोनों को देखा एवं दोनों की जप्ति की। बहरहाल इस दोरे से क्षेत्र में चला रहे अवैध ईट भट्टा के मालिकों में जहां भारी भय समां गया वहीं इनमें हड़कंप की स्थिति है जिसे स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है ।

सनद रहे कि समूचे उप क्षेत्र अंम्बाड़ा के ग्राम पंचायत जमकुंडा से नजरपुर एवं पाला चौरई क्षेत्र में पिछले 5 से 6 दशको से अवैध रूप से ईट का व्यापार फल फूल रहे हैं इससे शासन के जहां भूमि खोखला हो रही है वहीं कुछ व्यवसायी चांदी काट रहे है की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र का दौरा किया तो देखा कि क्षेत्र में दर्जनों अवैध ईट भट्टे चल रहे थे जिससे शासन की भूमि जहां खोखली हो रही थी वहीं ईट भट्टो वालों की चांदी हो रही थी। इस बात की क्षेत्र के







लोगों ने जुन्नारदेव क्षेत्र की एस.डी.एम. एवं तहसील में लिखित शिकायत की जिसे उन्होंने गंभीरता से लिया एवं क्षेत्र का भ्रमण कर वास्तविक स्थिति को देखा एवं ईट के साथ रखा कोयला दोनों पर कार्यवाही कर उनकी जप्ती भी की

गत 14 से 15 मई को जुन्नारदेव क्षेत्र की एस.डी.एम. एवं तहसीलदार ने क्षेत्र का जो भ्रमण किया उस क्षेत्र में चल रहे ईंट भट्टों एवं रखे कोयला को देख एवं जप्ती बने इसी दौरान एक ट्रैक्टर को भी जप्त किया जिसमें कई ईट भरी हुई थी बहरहाल इस ट्रैक्टर को चौकी में खड़ा करा दिया है जहां कार्यवाही की जा रही है

### भट्टा संचालकों में हड़कंप

जुन्नारदेव क्षेत्र की एस.डी.एम. कमिनी ठाकुर एवं तहसीलदार ने गत 14 से 15 मई को जमकुंडा, नजरपुर एवं पालाचौरई क्षेत्र में चल रहे भट्टो एवं वहां रखे कोयले को देखा तो सभी भट्टो में जहां ईट की जप्ति की वही रख कोयले की भी जप्ति की एवं आगे की कार्यवाही हेतु सभी साक्ष्य अपने पास सुरक्षित रखा बहरहाल इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से भट्टा मालीको में जहां भय बैठ गया वहीं हड़कंप भी मच गया।

इसी तरह का मामला गांगीवाड़ा, पोआमा क्षेत्र में भी है। जहां प्रशासनिक अधिकारियों को उचित कार्यवाही करना चाहिए यहां भी अवैध ईट भट्टे संचालित होते है और अवैध रूप से कोयला कोयलाचंल क्षेत्र के अलावा बाहर से बुलाकर खपाया जाता है और फिर मनमानी तरीके से शासकीय भूमि को छलनी कर ईट बनाई और पकायी जाती है जिससे क्षेत्र में पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है।

जिला प्रशासन के अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि जुन्नारदेव, पालाचौरई, जमकुण्डा जैसे कार्यवाही गांगीवाड़ा क्षेत्र में भी ईट भट्टों पर होना चाहिए।



# शंकर के गेंहू में निकले कंकड़

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** इन दिनों शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में राशन कार्डधारी उपभोक्ताओं को घटिया किस्म का गेहूं दिया जा रहा है उपभोक्ताओं के विरोध करने पर जवाब मिलता है सरकार जैसा देगी वैसा हम देंगे। वार्ड नम्बर 41 जो नगरीय क्षेत्र छिन्दवाड़ा में है वहां शंकर के खाद्यान्न गेहूं में कंकड़ निकले, यानि उपभोक्ता राशनकार्डधारी शंकरभाऊ मोहोड़ है जिन्होंने राशन लेने के लिए लम्बी कतार में खड़े होकर बामुश्किल गेहूं प्राप्त किया और जब घर ले गए तो पता चला कि खाने योग्य गेहूं है ही नहीं, 50 प्रतिशत कंकड़ है।

उपभोक्ता ने अपना विरोध दर्ज करवाने राशन दुकान में पहुंचे तो राशन दुकान संचालक ने दो टूक जवाब दिया लेना हो तो लों नहीं तो वापस जाओ। सरकार ने जैसा दिया वैसा दे रहा हूं। जिला आपूर्ति अधिकारी से इस दिशा में जांच कर उचित कार्यवाही की संचालक के खिलाफ मांग की है।

## सार-समाचार

### उपसीएम के बिगड़े बोल, आज भाजपा नेता का पुतला दहन करेगी कांग्रेस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कांग्रेस जिला मुख्यालय सहित समस्त ब्लॉक मुख्यालयों पर आज 17 मई 2025 को भाजपा नेता व म.प्र. के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का पुतला दहन करेगी। विदित हो कि गत दिवस जगदीश देवड़ा के द्वारा जबलपुर डिफेंस वॉलिटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित कहा कि पूरा देश, देश की सेना व सैनिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चरणों में नतमस्तक है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने कहा कि उप मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर रहते हुए देश, देश की सेना व सैनिकों के लिए विवादास्पद बयान देना अशोभनीय है, इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। भाजपा नेता के इस निंदनीय बयान के खिलाफ कांग्रेस जिला मुख्यालय एवं समस्त ब्लॉक मुख्यालयों पर जगदीश देवड़ा का पुतला फूंकेगी। श्री ओकटे ने समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों को निर्देशित किया है कि ब्लॉक मुख्यालयों पर पुतला दहन करें।

बता दें कि भाजपा सरकार के दो मंत्रियों ने सेना के खिलाफ बयान देकर राजनीति गरमा दिया है तो वहीं माननीय न्यायालय ने संज्ञान लेकर अपराधिक प्रकरण दर्ज करवाने के बाद कांग्रेस ने अब मंत्रियों को बर्खास्त करने की मांग को लेकर धरा प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

### शासकीय आईटीआई अमरवाड़ा में 6 ट्रेड में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 मई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अमरवाड़ा, जिला छिन्दवाड़ा में प्रवेश सत्र 2025 में रोजगार की पढाई चलो आई.टी.आई. के अंतर्गत 10वीं पास छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश का सुनहरा अवसर है। शासकीय आई.टी.आई. अमरवाड़ा में सर्वसुविधायुक्त 60 सीटर बालक छात्रावास एवं अत्याधुनिक 06 ट्रेड (व्यवसाय) में प्रवेश ले सकते है। आवेदन की प्रक्रिया 01 मई 2025 से प्रारंभ हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 31 मई 2025 है। इच्छुक छात्र-छात्रायें निर्धारित तिथि तक प्रवेश संबंधी आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिये वेबसाइट के पर ऑनलाइन आवेदन भी किये जा सकते हैं। प्रवेश संबंधित अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर- 9827284097, 7723825084, 8839479506 पर संपर्क किया जा सकता है अथवा शासकीय आई.टी.आई. अमरवाड़ा में उपस्थित होकर संपर्क कर सकते है की जानकारी छात्रहित में जारी अधिकृत प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

### रात में अनावश्यक घूमने वालों पर होगी कार्रवाई, रखें ध्यान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** रात्रि 10 बजे के बाद अनावश्यक पार्को, सड़को के किनारे और खेल के मैदानों में घूमने वाले तथा शराब पीकर उत्पात मचाने वाले अनावश्यक वाटसॉप ग्रुपों में झूठा संदेश भेजने वालों आदि लोगों पर सक्ति से कार्यवाही जिला और पुलिस प्रशासन करेगा। देखा गया है कि कुछ उत्पादी तत्व रात्रि में नशा कर आम जनता को बेवजह परेशान करते नजर आ रहे है ऐसे लोगों पर कार्यवाही आम जनता की सूचना पर भी पुलिस प्रशासन करेगी।

### बच्चे सीख रहे खो-खो

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** बच्चों और किशोरों के लिए गर्मियों के दौरान आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम मे बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में शामिल होने, नए कौशल सीखने और आनंद लेने का मौका मिल रहा है।आफीसर्स क्लब नरसीहपुर में खेल अधिकारी सुनीता यादव के निर्देशन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा एक से इकतीस मई तक खो खो प्रशिक्षण शिविर का का संचालन ऑफीसर्स क्लब नरसिंहपुर में किया जा रहा है जिसमें नए खिलाड़ी बच्चों को प्रशिक्षण उषा शेलोकर एवं राकेश ठाकुर द्वारा खेलों की बारीकियो से अवगत कराया जा रहा है। बच्चों को खो खो का प्रशिक्षण सुबह 6 बजे से 8 बजे एवं शाम 5 से 7 बजे तक दिया जा रहा है।

# दानवीर भामाशाह की जयंती पर गरीबों को बांटी राशन किट

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय तेली पिछड़ा वैश्य महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.के. शाहवाल सिंगरौली, प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर साहू दमोह, ट्रस्ट के विधि सलाहकार पुरुषोत्तम गुप्ता, भोपाल के मार्गदर्शन में तेली समाज के जिलाध्यक्ष भगवानदीन साहू के नेतृत्व में सामाजिक बंधुओं ने सैकड़ों गरीब, जरूरतमंदों को राशन किट भेंट कर व बच्चों को भोजन करवाकर भामाशाह जयंती मनाई।

इस अवसर पर श्री साहू ने बताया कि परम् दानवीर भामाशाह तेली समाज से थे। जब महान प्रतापी महाराणा प्रताप मुगलों से युद्ध कर रहे थे। उस दौरान उनका राजपाठ छीन गया था, उनके आर्थिक हालात ठीक नहीं थे ऐसी विपरीत परिस्थितियों में दानवीर भामाशाह ने उनकी आर्थिक सहायता की। परिणाम स्वरूप महाराणा प्रताप युद्ध में विजयी हुए उनका राजपाठ वापस मिल गया।



महान प्रतापी महाराणा प्रताप का जब भी जिक्र आता हैं तब-तब भामाशाह का त्याग भी याद आता है। भामाशाह ने उनकी संपत्ति का इतना धन दान दिया जिससे महाराणा प्रताप के 25,000 सैनिकों का बारह वर्षों तक निर्वाह हो सके। दानवीर भामाशाह तेली समाज के गौरव रहे। इसलिए उनकी याद में समाज प्रतिवर्ष उनकी जयंती मनाकर गरीब जरूरतमंदों की सेवा करते हैं।

इस अवसर पर ओमी साहू, दिलीप साहू, राधेश्याम साहू, हर्षवर्धन साहू, नितेश साहू, सुभाष साहू, हरीश साहू, अलकेश साहू, बोरदेही सतीश साहू दमुआ, पवन साहू हर्रई, मुन्ना साहू, ओमनारायण साहू उभेगाँव, शम्भूदयाल साहू गांगीवाड़ा आदि उपस्थित रहे।

# भुजलिया घाट की सफाई



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार विकासखंड परासिया की नगर पालिका डोंगर परासिया द्वारा जल स्त्रोतों की साफ सफाई एवं विकास कार्य किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में गत दिवस वार्ड क्रमांक- 7 में स्थित भुजलिया घाट की साफ सफाई का कार्य निकाय एवं जन भागीदारी के माध्यम से करवाया गया।

जिसमें प्रमुख रूप से नाले की सफाई कार्य कर कचरा हटाया गया एवं उसकी गाद हटाई गई। नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद मालवीय ने नगर की जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने घरों में अपने आस-पास साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखें, जिससे हम स्वस्थ रहेंगे।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, नगर पालिका परासिया उपाध्यक्ष महेश कुमार, लोक स्वास्थ्य विभाग सभापति संतोष डेहरिया, साक्षी वाजपेई, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नोडल अधिकारी राजेंद्र सोनी एवं निकाय के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# वरिष्ठ नागरिक महामंच की बैठक आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वरिष्ठ नागरिक महामंच की जिला व तहसील स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजि की गई। कल 16 मई 2025 को वरिष्ठ नागरिक महामंच छिंदवाड़ा के अध्यक्ष टी.एन. मिश्रा की अध्यक्षता मेंविजय त्रिवेदी के निवास पर जिला व तहसील स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में महामंच के संरक्षक जयशंकर शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष टी.एम.आर. नायडू व तहसील अध्यक्ष पी.आर. डेहरिया विशेष रूप से उपस्थित थे।

बैठक में प्रत्येक 3 माह में जिला व तहसील की कार्यकारिणी की बैठक लेने का निर्णय लेने के साथ ही कार्यकारिणी सदस्य के 3 बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहने पर उसे कार्यकारिणी सदस्य पद से हटाये जाने के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक में महामंच के अध्यक्ष व्दारा प्रभाकर ठाकरे को महामंच के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर रखने की घोषणा की गई। बैठक में जिला व तहसील शाखा के कोषाध्यक्षों व्दारा आय-व्यय का विवरण रखा गया।

इस अवसर पर एच.बी. मोहितकर, अशोक मिश्रा, बी.एल. बेलवंशी, एस.जी. कलसुले, एस.के. सूर्यवंशी, विजय कुमार त्रिवेदी, जी.एस. डेहरिया, कादरी, जगदीश झंझोट, जी.पी. अग्रवाल, बी.एल. मालवीय, होरिलाल वाचक, सुश्री कमला डेहरिया, श्रीमती नंदा ठाकरे, के.एन. दुबे आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।



# चैक बाउंस मामले में आरोपी संतोष सेमेकर दोषमुक्त

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गत दिवस 50,000/- (पचास हजार) रूपये के चैक बाउंस के आरोप से आरोपी संतोष सेमेकार को पंचम अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक नागराज ने दोषमुक्त कर दिया।

परिवादी द्वारा न्यायालय के समक्ष एक परिवाद इस आशय से प्रस्तुत किया गया कि 23 अक्टूबर 2015 को 50,000/- (पचास हजार) रूपये की राशि अभियुक्त को उधार प्रदान किया तथा अभियुक्त से उक्त राशि वापस प्राप्त करने के एवज में अभियुक्त द्वारा परिवादी को एक चैक प्रदान किया गया था जिसमें 21 सितम्बर 2023 को न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी श्रीमती वीणा खालखो के द्वारा अभियुक्त के विरूद्ध 6 माह के सश्रम कारावास व 85,625/- (पच्चायासी हजार छैः सौ पच्चीस) रूपये प्रतिकर स्वरूप परिवादी को प्रदान करने के आदेश पारित किया गया था, जिससे आहत होकर अभियुक्त संतोष ने उक्त दोषसिद्धी के विरूद्ध सत्र न्यायालय के समक्ष अपील प्रस्तुत की थी जिसका प्रकरण क्रमांक 159/23 है।



उक्त अपील में सुनवाई के दौरान अपर सत्र न्यायाधीश के समक्ष आए परीक्षण एवं प्रतिपरीक्षण के तथ्य तथा बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता देशराज सूर्यवंशी द्वारा तथ्य और तर्क प्रस्तुत किये गये जिसके विश्लेषण के आधार पर परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद को प्रचलन योग्य ना मानते हुये अभियुक्त की अपील स्वीकार कर अभियुक्त को उक्त प्रकरण से दोषमुक्त कर दिया गया।

# मप्र में अपराध का गढ़ बना छिन्दवाड़ा : नितिन उपाध्याय

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा सरकार और उसके नेता हमेशा ही विपक्षहीन सरकार चाहते हैं, ताकि बेरोक टोक उनकी मनमानी व बदजुबानी आमजन पर चलती रहे और कोई सवाल ना उठाए। किन्तु जनविरोधी नीतियों के साथ ही भाजपाई दहशतगर्दी के खिलाफ कांग्रेस आवाज उठाती है तो भाजपा के आपराधिक प्रवृत्ति वाले नेता उसे नया रंग देने में जुट जाते हैं। उक्त उदगार आज नितिन उपाध्याय कांग्रेस जिला प्रवक्ता ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से व्यक्त किए।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि वर्तमान में छिन्दवाड़ा सम्पूर्ण प्रदेश में अपराध का गढ़ बन गया है। आए दिन मारपीट, लूट, हत्या और महिलाओं से सम्बंधित आपराधिक गतिविधियां देखी जा सकती है। एक तरफ भाजपा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देती है और दूसरी तरफ महिलाएं शहर में सुरक्षित नहीं है, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण है शहर के पोला ग्राउंड के पास एक वरिष्ठ भाजपा नेता और उनके पुत्र शिखर पांडे व शिवाय पांडे द्वारा वहां आए एक युवक व उसके परिवार के साथ अभद्र व्यवहार किया और गुंडागर्दी की।



पुलिस की मौजूदगी में वर्दी को ठेंगा दिखाकर कानून की धज्जियां उड़ाते हुए अपशब्दों का प्रयोग करते हुए गलीछाप गुंडों की तरह मारपीट करना पिता-पुत्रों को शोभा नहीं देता। पहले से ही चौपट हुई कानून व्यवस्था को और चौपट कर रहे भाजपा नेता व उनके दोनों पुत्रों के खिलाफ सिर्फ अपराध पंजीबद्ध करने से काम नहीं चलेगा। समाज व किसी भी राजनीतिक दल में ऐसे लोगों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। जो खुले तौर पर गुंडागर्दी करते हैं।

जनता ने पार्षद चुनकर सेवा का अवसर दिया, इसका यह अर्थ कतई नहीं की आप खुलेआम सार्वजनिक स्थलों पर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए जनता पर धौंस जमाएं। किसी युवा के हाथ में खिलौने वाली पिस्टल को देखकर शिवाय पांडे एवं भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शिखर पांडे अपने पिता की धौंस दिखाते हुए मारपीट कर दहशत फैलाते हैं।

पद व कद बताने वाले भाजपाई नेता चाहते हैं कि जिले में इनकी गुंडागर्दी चलती रहे और विपक्ष पूरी तरह से मौन बना रहे, किन्तु जब-जब छिन्दवाड़ा जिले की फिज़ा में अपराध, अराजकता व महिला सम्बंधित अपराधों का जहर घोलने की कोशिश की जाएगी तब-तब पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ जिले की शांति के लिए मुखर होकर सवाल उठाएंगे।

# स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

कलेक्टर सिंह ने छिन्दवाड़ा एवं अमरवाड़ा ब्लॉक अंतर्गत बीते दिनों हुई मातृ मृत्यु की घटनाओं पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने इन घटनाओं के लिए दोनों ब्लॉक की एएनएम और सुपरवाइजर की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने तथा संबंधित बीएमओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही मेडिकल ऑफिसर पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

सिंह ने सख्त लहजे में कहा कि गर्भवती महिलाओं, विशेषकर उच्च जोखिम वाली महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आशा कार्यकर्ताओं द्वारा काउंसलिंग में लापरवाही पाए जाने पर भी सख्त कार्यवाही की जाएगी।

उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के नियमित रूप से फालोअप और स्वास्थ्य समीक्षा करने के भी निर्देश जारी किए गए। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं का हीमोग्लोबिन 8 या उससे कम है, उनके घर हर हफ्ते विजिट अनिवार्य है।

जब तक हीमोग्लोबिन 10 या उससे अधिक न हो जाए तब तक यह प्रक्रिया जारी रखी जाए। साथ हीए जोखिम से बाहर आने के बाद भी फॉलो-अप जारी रखने के निर्देश दिए।



कलेक्टर श्री सिंह ने अंडरवेट गर्भवती महिलाओं (जिनका वजन 45 किलोग्राम या उससे कम है) के लिए भी साप्ताहिक विजिट अनिवार्य करने और उनकी सही तरीके से काउंसलिंग सुनिश्चित करने को कहा है। इसके अतिरिक्त सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित महिलाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए हैं।

अनमोल 2.0 के अंतर्गत डिलीवरी स्टेटस समय पर दर्ज न करने वाले ऑपरेटरों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए। श्री सिंह ने सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने कार्य के प्रति अधिक संवेदनशील और जिम्मेदार बनें, तथा गर्भावस्था के दौरान माताओं को पर्याप्त देखभाल और पोषण सहायता सुनिश्चित करें।

बैठक में बीएमओ पिंडरईकला डॉ. पुष्पा रानी सिंह और बी.एम.ओ. बिछुआ डॉ. नीलेश सिद्दाम बिना सूचना के अनुपस्थित थे, जिन पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने उनका एक-एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।

मेडिकल ऑफिसर रोहनाकला और जमुनिया द्वारा रेफरल योग्य नहीं होने पर भी बार-बार केसेस रेफर करने पर उन्हें नोटिस जारी करने तथा ब्लाइंडनेस प्रोग्राम में कैटरैक्ट सर्जरी के लक्ष्य पूर्ण न करने पर नोडल ऑफिसर का एक माह का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए गए। तथा जिन अधिकारियों ने भ्रमण रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की उनका वेतन रोका जाएं के निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.के. शास्त्री, सिविल सर्जन डॉ. नरेश गोन्नाडे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एल.एन. साहू, जिला क्षय अधिकारी डॉ. अर्चना कैथवास, एस.एन.सी.यू. नोडल अधिकारी डॉ. अशु लंबा, जिला स्वास्थ्य मीडिया अधिकारी डॉ. प्रमोद वासनिक एवं सभी कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी तथा विकासखंडों के खण्ड चिकित्सा अधिकारी, बी.पी.एम., बी.सी.एम. एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास डॉ. हेमन्त छेकर तथा समस्त विकासखंडों के सी.डी.पी.ओ. उपस्थित थे।




## नारे लेखन के माध्यम से जल संरक्षण का दिया अनोखा संदेश

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् परासिया के सी.एम.सी./एल.डी.पी. के छात्र/छात्रो द्वारा अंबाडा, परासिया, इकलहरा, उमरेठ, मोरडोगरी, बेलगांव, मानकादेही, ढाला आदि गांवों में जल संरक्षण के लिए नारे लेखन कार्य किया गया नारों के माध्यम से गली चौराहे पर लिखकर लोगों को जल कि बर्बादी रोकने का किया जा रहा प्रयास इस कार्यक्रम में बीएस डब्ल्यू, एम एस डब्ल्यू, के छात्र-छात्रा, परामर्शदाता मनीष कैथवास, रूपेश सूर्यवंशी, शंकर राम प्रजापति, संजय साहू, नविता सिंह, विकास खंड समन्वयक संजीव भावरकर जी उपस्थित रहे

### सार-समाचार

## ग्राम राबरा की नदी पर जन सहयोग से चलाया साफ सफाई अभियान



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं विकासखंड हर्रई के विकासखंड समन्वयक आशीष नेमा के कुशल मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड हर्रई के ग्राम राबरा की नदी पर गत दिवस साफ़ सफाई का कार्य किया गया और सभी लोगों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

जल संरक्षण के कार्यक्रम में समाज कार्य कोर्स के मेंटर्स अखिलेश इनवाती, प्रकाश परतेती, शिव कुमार उईके, दीपक मिश्रा और श्रीमती स्वाति गुप्ता एवं छात्र-छात्राएं जिसमें प्रमुख रूप से पूजा विश्वकर्मा, अंजलि उईके, गुरुभान, महेंद्र डेहरिया, अखिलेश डेहरिया, सुनील काकोड़िया व विवेक ढाके द्वारा नदी की साफ़ सफाई कार्यक्रम में सहभागिता की गई।

## कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ में हुई नियुक्तियां



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 16 मई 2025 को कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये पूर्व मुख्यमंत्री एवम् विधायक कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ की अनुशंसा पर प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष गुरूचरण खरे जिला अध्यक्ष प्रकाश मेहरोलिया शहर अध्यक्ष रोशन इंगले, शक्ति डोले मीडिया प्रभारी, सुमित भावरकर, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती संतोषी गजभिये, रेणु तिवारी की सहमति से कीर्ति डेहरिया को कांग्रेस एस.सी. प्रकोष्ठ की नगर उपाध्यक्ष चुना गया।

इस अवसर पर सभी ने कमलनाथ, नकुलनाथ के हाथों को मजबूत करने की बात कहीं। इस अवसर पर जिला सचिव हेमन्त राजपूत, नेहा आम्रवंशी, मुन्ना धुर्वे, पूर्वीता डेहरिया, सुषमा डेहरिया, बबली जावरे, अनीता बोन्डे, राम दुलारी, सचिन दुबे, अनीता बमनिया, विनीता सोनी आदि उपस्थित रहे।

## मंत्री की भद्दी टिप्पणी को लेकर ब्लॉक कांग्रेस जुन्नारदेव ने किया प्रदर्शन

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** प्रदेश की एक जिम्मेदार मंत्री द्वारा की गई भद्दी टिप्पणी को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुन्नारदेव ने जोरदार प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने संबंधित मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की और उन्हें बर्खास्त करने की मांग को लेकर एसडीम ऑफिस पहुंचकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जिस तरह की भाषा और व्यवहार मंत्री ने सार्वजनिक रूप से अपनाया है, वह न केवल अशोभनीय है बल्कि संवैधानिक पद की गरिमा के खिलाफ भी है। ऐसे व्यक्ति को पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

आगे भी जारी रहेगा विरोध-ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण साहू ने बताया कि यदि सरकार ने इस मंत्री को बर्खास्त नहीं किया, तो कांग्रेस आने वाले दिनों में राज्यव्यापी आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसे गैर-जिम्मेदार लोगों के खिलाफ आवाज उठाती रहेगी और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रहेगा।

## सारंगबिहरी में किसान खाद के लिए परेशान

**उमरानाला, देशबन्धु।** मोहखेड़ जनपद पंचायत के सेवा सहकारी समिति सारंगबिहरी में विगत 3 दिनों से खाद नहीं मिलने के कारण किसान परेशान हो रहे हैं।

किसानों का कहना है कि समिति प्रबंधक एवं बाबू कर रहे हैं परेशान धूप में प्रतिदिन 3 दिनों से बुलाकर परेशान किया जा रहा है यहां के पूर्व समिति प्रबंधक गायब है उन्होंने हमें सोसाइटी में विगत 3 दिनों से लगातार बुलाया जा रहा है और अपनी मनमानी कर दूसरे किसानो को खाद की कालाबाजारी कर वितरण कर रहे हैं और पूर्व समिति प्रबंधक गायब हैं नये समिति प्रबंधक सक्षा से पता करने पर कंम क्म्प्यूटर ऑपरेटर पर टाल दिया।

कम्प्यूटर आपरेटर कमलेश ने बताया कि हमारे यहां खाद की कमी है खाद कम आई है है और किसानों की संख्या अधिक है जिसके कारण खाद वितरण में परेशानी हो रही है।

उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह ने इस संबंध में बताया कि मैंने अभय कुमार जैन महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक से चर्चा की है उन्हें तत्काल उठाव करने हेतु समिति प्रबंधक को निर्देशित करें क्योंकि ज़िले में खाद पर्याप्त उपलब्धता है समिति वालो की गलती से खाद उठाने में देरी की जाती है जबकि कलेक्टर के सभी समिति प्रबंधकों को सख्त निर्देश है कि समितियों में उर्वरकों की उपलब्धता लगातार बनी रहे एव किसानो को जल्दी से जल्दी वितरण सुनिश्चित कराये।

जिले में खाद की कोई कमी नहीं है और व्यवस्था भी संचालित है। कहीं कहीं कुछ जगह लापरवाही बरती जा रही है जिसे सुधार के लिए कहा है।



## सकल हिन्दू समाज ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर लव जिहाद के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** देशभर में बढ़ते लव जिहाद के मामलों को लेकर छिंदवाड़ा में सकल हिंदू समाज के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को कलेक्टरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। समाज की ओर से अजय सिंह ने बताया कि हाल के दिनों में प्रदेश में लव जिहाद की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं, जिससे समाज में आक्रोश है।

ज्ञापन में मांग की गई कि लव जिहाद जैसे मामलों की जांच के लिए विशेष समिति का गठन किया जाए और जो भी संगठित गिरोह इस तरह की घटनाओं में शामिल हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

सकल हिंदू समाज ने यह भी कहा कि प्रदेश के सभी शासकीय और अशासकीय संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य किया जाएए ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर समय रहते अंकुश लगाया जा सके।

## तीन मरीजों को मिली आर्थिक सहायता

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने जिले के 3 मरीजों को 1 लाख 65 हजार की आर्थिक मदद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से दिलाई है। सांसद के प्रयासों से इन तीनों मरीजों को आर्थिक सहायता मिलने से अस्पतालों में बेहतर इलाज हो सकेगा।

सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर मरीजों को इलाज के लिए सहायता राशि दिलाने के अनुरोध किया जिसके आधार पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने उनकी स्वेच्छानुदान निधि से मोहखेड़ तहसील तंसरा निवासी दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा को 40 हजार, परासिया के वार्ड क्रमांक 5 कबीर जोन निवासी महजबी मंसूरी पिता समसुल अहमद को 75 हजार, छिंदवाड़ा विवेकानंद कॉलोनी विकास नगर निवासी अशोक यादव पिता विष्णु प्रसाद यादव को 50 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।

## सेना के शौर्य को नमन करने निकाली तिरंगा यात्रा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल शुक्रवार शाम 5.30 बजे तिरंगा यात्रा समिति द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जो स्थानीय दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर बस स्टैंड होते हुए अमित ठेंगे चौक तक पहुंची। इस पैदल यात्रा में बड़ी संख्या में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली में शामिल लोग भारत माता की जय और अमित ठेंगे अमर रहें के नारों के साथ पूरे जोश में नजर आए। खासकर बच्चे रैली में सबसे आगे चलते हुए देशभक्ति के नारे लगाते रहे, जिससे माहौल पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंग गया। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य भारतीय सेना के शौर्य को नमन करना और देश सेवा में लगे जवानों के मनोबल को बढ़ाना रहा। साथ ही यह यात्रा राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश देने के लिए भी आयोजित की गई, जैसा कि पूरे देशभर में इस तरह की तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं।

यात्रा में छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, नगर पालिका महापौर विक्रम आहके सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए। इसके अलावा शासकीय विभागों के कर्मचारी एवं खेल एवं युवक कल्याण विभाग के खिलाड़ी भी सेना के सम्मान में सड़क पर उतरे। यात्रा का समापन अमित ठेंगे चौक पर हुआ, जहां देशभक्ति गीतों और नारों के बीच समर्पण और एकजुटता की भावना चरम पर पहुंच गई। आयोजन ने सभी उपस्थितजनों के मन में देशप्रेम की भावना को और भी प्रगाढ़ किया।





## मिडास कोचिंग संस्था पांढुर्णा व सौसर का बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** मिडास कोचिंग संस्था ने इस वर्ष 10वीं सी.बी.एस.ई. एवं एम.पी. बोर्ड के साथ-साथ 12वीं एम.पी. बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम दर्ज करते हुए क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी साख मजबूत की है।

**पांढुर्णा शाखा के परिणामों पर नजर**

सी.बी.एस.ई. बोर्ड में खुशहाली केवते ने सर्वाधिक 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉपर स्थान हासिल किया। अन्य विद्यार्थियों में रागिनी वाघमारे 88.4 प्रतिशत, हर्षदा तिजारे 87.6 प्रतिशत, संस्कृति सवदे 86.4 प्रतिशत, सिद्धि काराले 83.6 प्रतिशत एवं समृद्धि सवदे 81 प्रतिशत अंक लाकर बेहतरीन प्रदर्शन किया।



वहीं एम.पी. बोर्ड की 10वीं परीक्षा में काव्य शर्मा ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया, जबकि अथर्व सबले 84 प्रतिशत, सुमित ढोले 72.4 प्रतिशत ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।

12वीं एम.पी. बोर्ड में मयंक नसरे ने 75.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया।

**सौंसर शाखा के परिणाम बेहतर**

सौंसर में मिडास कोचिंग के छात्रों ने लगभग सभी स्कूलों में टॉप स्थान प्राप्त किए। परिमल घोटेकर ने सर्वाधिक 97.6 प्रतिशत, जोयना चौधरी 96.4 प्रतिशत, प्राणवी बांखेड़े 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

इसके अतिरिक्त करीब 7 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक, 31 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 63 छात्रों ने 85 प्रतिशत से अधिक और 90 से अधिक छात्रों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक अर्जित किए।

संस्था के सभी शिक्षक बाहरी शहरों से हैं, जो विद्यार्थियों को एक अनुशासित, प्रेरणादायी एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण प्रदान करते हैं। विद्यार्थियों की मेहनत और गुरुजनों के मार्गदर्शन ने मिलकर इन उत्कृष्ट परिणामों को जन्म दिया है।

मिडास कोचिंग संस्था ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि शिक्षा में गुणवत्ता और मार्गदर्शन हो तो हर छात्र सफलता की ऊंचाइयों को छू सकता है। पांढुर्णा में यह शुरुआत है और आने वाले वर्षों में मिडास यहां भी शिक्षा में क्रांति लाने को तैयार है।